<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक– 01.02.2026 (दोपहर–1310 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

- केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में पेश किया वित्तीय वर्ष 2026–27 का केन्द्रीय बजट, क्षमता निर्माण और सुधारों पर बल, इसे युवा शक्ति से संचालित बजट बताया।
- केन्द्रीय वित्त मंत्री ने कहा– सरकार विकसित भारत की दिशा में मजबूत कदम उठाना जारी रखेगी, स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार क्षेत्र के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं।
- इनकम टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं, रांची और तेजपुर में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य संस्थान होंगे अपग्रेड, हर जिले में बनेगा एक महिला छात्रावास।
- केन्द्रीय बजट पेश होने के बाद आज दोपहर के कारोबार में शेयर बाजार में गिरावट, सेंसेक्स और निफ्टी डेढ़ प्रतिशत से अधिक गिरे।
- राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के साथ राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने आज गुरु रविदास जयंती पर देशवासियों को दी शुभकामनाएं।

****************************

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज संसद में वित्तीय वर्ष 2026– 27 का केन्द्रीय बजट पेश किया। बजट में देश के विकास पर 53 लाख 47 हजार 315 करोड़ रूपये खर्च होंगे। अपने बजट भाषण में केन्द्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार विकसित भारत की दिशा में मजबूत कदम उठाना जारी रखेगी।

बजट भाषण में केन्द्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि यह युवा शक्ति से प्रेरित बजट है। उन्होंने कहा कि बजट आर्थिक विकास को गति देने, नागरिकों के क्षमता निर्माण की आकांक्षाएं पूरी करने तथा सबका साथ, सबका विकास के तीन कर्तव्यों से प्रेरित है, जिसका लक्ष्य प्रत्येक परिवार, समुदाय, क्षेत्र ओर सेक्टर की संसाधनों, सुविधाओं और अवसरों तक पहुंच सुनिश्चित करना है। सरकार का संकल्प शोषितों और वंचितों पर ध्यान देना है

****************************

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने केन्द्रीय बजट में आम लोगों से जुड़े कई बड़े ऐलान किए। आयकर की दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। संशोधित आयकर रिटर्न और देरी से भरे गए, आयकर रिटर्न की समयसीमा बढाई गइ है, संशोधित आयकर रिटर्न 31 मार्च तक भरा जा सकेगा।

****************************

बजट भाषण में केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार क्षेत्र के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की। उन्होंने खादी, हथकरघा और हस्तशिल्प को मजबूती प्रदान करने के लिए महात्मा गांधी ग्राम स्वराज पहल शुरू करने का प्रस्ताव पेश किया। इसके अलावा दस हजार करोड़ रुपए की एसएमई विकास कोष की घोषणा की। साथ ही अगले पांच वर्ष के लिए बायो–फार्मा शक्ति के लिए दस हजार करोड़ रुपए का प्रावधान, तीन नए राष्ट्रीय औषधि शिक्षा और अनुसंधान संस्थान के गठन की घोषणा, वर्तमान सात संस्थारनों को उन्नंत किया जाएगा। कैंसर के रोगियों को राहत देने के लिए 17 दवाओं पर सीमा–शुल्के में छूट दी गई है। केन्द्र सरकार, रांची और तेजपुर में निमहंस–2 और राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य विश्विद्यालय स्थापित करेगी।

****************************

आकाशवाणी समाचार आज केंद्रीय बजट 2026–27 पर दिनभर विशेष चर्चा कार्यक्रम का प्रसारण जारी है। कार्यक्रम में प्रमुख अर्थशास्त्रियों और बाजार विशेषज्ञों द्वारा बजट का गहन विश्लेषण, वरिष्ठतम सरकारी अधिकारियों के विशेष साक्षात्कार और जनता की प्रतिक्रियाएं शामिल हैं।

सुबह 10 बजकर दस मिनट से लेकर जारी यह कार्यक्रम रात साढ़े दस बजे तक आकाशवाणी एफएम गोल्ड और अन्य फ्रीक्वेंसी पर, साथ ही न्यूज़ ऑन ए आई आर मोबाइल ऐप, यूट्यूब चैनल न्यूज़ ऑन ए आई आर ऑफिसियल और ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्स पर उपलब्ध रहेगा।

***************************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

***************************

केंद्रीय बजट 2026–27 पेश होने के बाद आज दोपहर के कारोबार में घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी डेढ़ प्रतिशत से अधिक गिर गए। संसेक्स एक हजार 293 अंक गिरकर 80 हजार 977 पर जबकि निफ्टी 450 अंक गिरकर 24 हजार 871 पर कारोबार कर रहा था।

***************************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 48 हजार 7 सौ रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत तीन लाख 50 हजार रूपये प्रति किलो है।

***************************

खूंटी जिले में बेहतर कृषि कार्यों और एफपीओ की बदौलत लखपति किसानों की संख्या बढ़ती जा रही है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत जिले के 32 हजार 700 किसानों को लाभान्वित किया जा रहा है। विस्तृत ब्यौरा दे रही हैं हमारी संवाददाता

***************************

जमशेदपुर के मानगो स्थित ए.बी.आर. पब्लिक स्कूल के चयनित पांच विद्यार्थी कल शैक्षणिक यात्रा के तहत रांची से हवाई मार्ग से दिल्ली के लिए रवाना होंगे। इन विद्यार्थियों को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलने का अवसर प्राप्त होगा। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हमारे संवाददाता।

***************************

पलामू जिले के पांकी के कुसड़ी गांव में एक ही परिवार के तीन लोगों की हत्या का मामला सामने आया है। जबकि एक बच्ची गंभीर रूप से घायल है। मामला अंधविश्वास से जुड़ा है। हत्या के दो आरोपी फरार हो गए जिसकी तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है ।

***************************

बोकारो स्टील सिटी में आज सेल की ओर से हाफ मैराथन का आयोजन किया गया। दस किलोमीटर के हाफ मैराथन में महिला वर्ग में धनबाद की रूबी कुमारी और और पुरुष वर्ग में बोकारो के सुनील कुमार ने सबसे पहले दौड़ पूरी की। बोकारो स्टील के डायरेक्टर इंचार्ज प्रियरंजन ने बताया कि  मैराथन का मुख्य उद्देश्य स्वस्थ समाज का निर्माण करना है

****************************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज गुरु रविदास जयंती के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।   राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती पर नमन किया

****************************